दिनांक–18.06.2024 समय–7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल
## प्रातःकालीन समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त करेंगे जारी।
- प्रदेष में आज तीन दिवसीय प्रवेषोत्सव की होगी षुरूआत। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्कूली बच्चों का करेंगे स्वागत।
- विष्व सिकल सेल दिवस कल। डिंडौरी में होगा राज्यस्तरीय आयोजन।
- प्रदेष में कई जगहों पर मॉनसून पूर्व बारिष का दौर जारी आज भोपाल सहित कई जिलों के लिये अलर्ट जारी।

### ट्वेंटी–ट्वेंटी वर्ल्ड कप

ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में न्यूजीलैंड ने कल शाम पापुआ न्यू गिनी को 7 विकेट से हरा दिया। यह मैच त्रिनिदाद के ब्रायन लारा स्टेडियम में खेला गया। पहले गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पापुआ न्यू गिनी को 19 ओवर और 4 गेंद में महज 78 रन पर ऑलआउट कर दिया। न्यूजीलैंड ने 79 रन के लक्ष्य को केवल 12 ओवर और 2 गेंद में हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज आज सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप चरण के आखिरी मैच में अफगानिस्तान से भिड़ेगा।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त जारी करेंगे। इसके अंतर्गत करीब नौ करोड 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएंगी। अब तक 11 करोड से अधिक योग्य किसान परिवार प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत तीन करोड चार लाख रुपए से अधिक का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इस दौरान इंदौर जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जायेगा। कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष 210 में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिले में 86 हजार 749 किसानों को 17 करोड़ 34 लाख 98 हजार रुपए की राशि प्राप्त होगी। इसी तरह शिवपुरी जिले में भी 17 वीं किस्त वितरण दिवस को पीएमकिसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान शिवपुरी जिले में भी ब्लॉक स्तर पर पीएम किसान उत्सव दिवस के कार्यक्रम में विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों हिस्सा लेंगे। अषोकनगर में भी कार्यकम आयोजित किया जाएगा।

### प्रवेशोत्सव स्कूल चले हम

प्रदेश में आज से स्कूलो में प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों की शुरुआत हो रही है। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होगा, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव "स्कूल चलें हम अभियान 2024" का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश के स्कूलों में किया जायेगा। मुख्यमंत्री नवप्रवेशी विद्यार्थियों का शाला में स्वागत करेंगे। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रतापसिंह भी उपस्थित रहेंगे। आयोजित किए जा रहे ''प्रवेशोत्सव'' के दौरान सांसद, विधायक एवं अन्य जन प्रतिनिधि भी सहभागिता करेंगे। कल 19 जून को स्कूल शिक्षा मंत्री का अभिभावकों को संबोधित पत्र और निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाएगा, वहीं 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्ति, स्थानीय विशिष्ट व्यक्ति आदि प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट करेंगे। उन्हें इस कार्यक्रम में सहभागिता के लिए educationportal.mp.gov.in/mpsch/) लिंक पर अपना पंजीयन करना होगा। इंदौर जिले में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सॉवेर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर धार में शासकीय हाई स्कूल ब्रह्मा कुंडी में समारोह में हिस्सा लेंगी।

## शिवराज सिंह इस्तीफा

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में अपनी पारंपरिक बुधनी सीट से विधायक पद से इस्तीफा दे दिया है। विधानसभा अध्यक्ष को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा सौंपने के बाद कल श्री चौहान ने कहा कि वह बुधनी के लोगों की सेवा करना जारी रखेंगे, जहां से उन्होंने दशकों पहले अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया था। एक वीडियो बयान में भाजपा के दिग्गज नेता ने कहा कि बुधनी सीट से इस्तीफा देना उनके लिए बहुत भावुक क्षण था, जहां से वह 6 बार विधानसभा के लिए चुने गए। श्री चौहान ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में विदिशा सीट पर 8.21 लाख से अधिक मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज की, जो देश में सबसे अधिक मतों में से एक है।

## विश्व सिकल सेल

विश्व सिकल सेल दिवस कल मनाया जाएगा। डिंडोरी में होने वाले राज्य स्तरीय आयोजन में मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे। जिला कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि जिला स्तरीय सिकल सेल स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम का आयोजन शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय डिंडौरी के मैदान में होगा। समारोह में राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री मोहन यादव, सहित कई अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। जिला प्रशासन सिकल सेल की रोकथाम हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंड स्तर पर प्रत्येक शनिवार को स्वास्थ्य रेवा कैंप के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य परीक्षण कर सिकल सेल के चिन्हित लोगों का इलाज कराया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यनरत छात्र–छात्राओं के माध्यम से निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता एवं बैगाचक क्षेत्र में वन्या रेडियो के माध्यम से सिकिल सेल एनीमिया में जन जाग्रति के प्रयास किए जा रहे हैं। खंडवा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि 'विश्व सिकल सेल दिवस के कार्यक्रम का प्रसारण मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जायेगा, जिसमें सिकल सेल की जांच के साथ ही सिकल सेल के मरीजों का उपचार कर निःशुल्क दवा वितरण, परामर्श एवं जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड का वितरण भी किया जायेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ग्राम पंचायत स्तर पर भी किया जायेगा।

## पुनर्घनत्वीकरण की योजना निरस्त–भोपाल 1250

मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल ने भोपाल स्थित 1250 स्थित क्वाटर्स की भूमि पर प्रस्तावित पुनर्घनत्वीकरण की योजना को सोमवार को आदेश जारी कर निरस्त कर दिया है। प्रस्ताव निरस्तीकरण के बाद वैकल्पिक स्थल का परीक्षण किया जा रहा है। जारी आदेशानुसार पर्यावरण संरक्षण एवं क्षेत्र के विद्यमान वृक्षों को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित परियोजना को अस्वीकृत कर दिया गया है। साथ ही अन्य वैकल्पिक स्थानों के परीक्षण के निर्देश दिये गये हैं। वैकल्पिक प्रस्ताव तैयार करते समय प्रारंभिक स्तर पर ही पर्यावरणविदों, स्थानीय जन–प्रतिनिधियों एवं नागरिकों से भी व्यापक विचार–विमर्श के निर्देश दिये गये हैं। कर्मचारी आवासों की कमी को दृष्टिगत रखते हुए 1250 क्वाटर्स भोपाल के जर्जर एवं अनुपयोगी मकानों के स्थान पर पुनर्घनत्वीकरण नीति 2022 अंतर्गत प्रारंभिक परियोजना तैयार कर शासन स्तर पर प्रस्तुत की गई योजना को निरस्त किया गया है।

## मौसम

प्रदेष के कई हिस्सों में मॉनसून पूर्व बारिष का दौर जारी है। भोपाल में कल सुबह एक घंटे में करीब डेढ़ इंच बारिष हुई। छतरपुर में भी बारिष से तापमान में गिरावट देखी गई। मौसम विभाग ने आज विदिषा, रायसेन, सीहोर, बुरहानपुर,खंडवा, छिंदवाड़ा, सिवनी और पांडूरना जिलों के लिये मध्यम बारिष का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही भोपाल, इंदौर, धार, सागर सहित 31 जिलों के लिये बारिष का येलो अलर्ट जारी किया गया है। रीवा, महूगंज, सतना, छतरपुर, टीकमगढ़ और मैहर जिलों में कहीं–कहीं लू चलने की संभावना है। प्रदेष के अधिकांष जिलों में आज सुबह से बादल छाये हुए हैं। इससे गर्मी से राहत मिली है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल भोपाल में सौजन्य भेंट की। श्री षुक्ल ने केन्द्रीय मंत्री ने नवीन दायित्व के लिए श्री चौहान को शुभकामनाएं दीं।
- क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर एवं यातायात विभाग इंदौर द्वारा वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों के पीयूसी सर्टिफिकेट एवं प्रदूषण मानकों की जांच की गई। इस दौरान 30 से अधिक वाहनों पर कार्यवाही की गई।
- शाजापुर के माधव रजत जयंती वाचनालय की संपत्ति को कलेक्टर के आदेश के बाद शासन के अधीन किए जाने को लेकर राजस्व विभाग ने 12 दुकानदारों को नोटिस जारी कर , तीन दिन में दुकान खाली करने के निर्देश दिए हैं।
- सागर में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था मर्यादित कर्रापुर में इफको द्वारा नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं महत्व पर आधारित कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

---